**प्रेस विज्ञप्ति**

**14.09.2026**

**'प्रवर्तन संदेश' को राजभाषा कीर्ति पुरस्कार: ईडी की राजभाषा उपलब्धि को राष्ट्रीय सम्मान**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा प्रकाशित हिंदी गृह पत्रिका 'प्रवर्तन संदेश' को वर्ष 2025-26 के लिए राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा राजभाषा कीर्ति पुरस्कार ('क' क्षेत्र में द्वितीय पुरस्कार) से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार 14 सितंबर 2026 को मुंबई में आयोजित हिंदी दिवस-2026 और छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के अवसर पर माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री बांदी संजय कुमार एवं श्री नित्यानंद राय द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

'प्रवर्तन संदेश' प्रवर्तन निदेशालय की हिंदी गृह पत्रिका है, जिसके माध्यम से निदेशालय के कार्यक्षेत्र से जुड़े जटिल विधिक, वित्तीय एवं अन्वेषण संबंधी विषयों के साथ-साथ राजभाषा हिंदी से संबंधित गतिविधियों को सरल, सहज एवं प्रभावी भाषा में प्रस्तुत करने का प्रयास किया जाता है। पत्रिका का उद्देश्य निदेशालय के कार्यों के विभिन्न आयामों को हिंदी में व्यापक रूप से प्रस्तुत करने के साथ-साथ सरकारी कामकाज में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देना भी है।

वर्ष 2025-26 के दौरान प्रकाशित अंक-9 का केंद्रीय विषय 'आतंक वित्तपोषण के खिलाफ ईडी की मुहिम' था। इस अंक में आतंक वित्तपोषण के विरुद्ध निदेशालय की कार्रवाइयों के साथ-साथ वित्तीय अपराधों तथा राष्ट्रीय एवं आर्थिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया। पत्रिका में इस विषय को निदेशालय की आतंक वित्तपोषण रोधी कार्रवाइयों तथा उससे जुड़े वित्तीय नेटवर्क के संदर्भ में विस्तार दिया गया है।


इसी क्रम में प्रकाशित अंक-10 का केंद्रीय विषय 'लोकहित से देशहित तक: ईडी की पीड़ित-केंद्रित कार्रवाइयाँ और राहत' रहा। इस अंक में कानून प्रवर्तन एवं पारदर्शिता, विस्तारित न्याय एवं प्रत्याहरण, सुरक्षित अर्थव्यवस्था, विकसित भारत तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं समन्वय जैसे विषयों को प्रमुखता दी गई। विशेष रूप से, अपराध की आय का पता लगाने एवं उसे कुर्क करने से लेकर पीड़ितों को संपत्तियों की अंतिम वापसी की सुविधा प्रदान करने तक ईडी के पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण को इस अंक में रेखांकित किया गया है।


पत्रिका के माध्यम से निदेशालय ने अपने अन्वेषण एवं प्रवर्तन संबंधी कार्यों को राजभाषा हिंदी में सरल और बोधगम्य रूप में प्रस्तुत करने तथा राजभाषा के प्रभावी प्रयोग को अपनी संस्थागत कार्य-संस्कृति का अभिन्न अंग बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किया है। पूर्व में, प्रवर्तन निदेशालय ने राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 में आयोजित एआई विषय पर अखिल भारतीय हिंदी लघु फिल्म निर्माण प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया था, जो राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं प्रभावी प्रयोग को बढ़ावा देने की दिशा में निदेशालय के नवोन्मेषी प्रयासों एवं प्रोत्साहन को और अधिक रेखांकित करता है।

राजभाषा कीर्ति पुरस्कार की यह उपलब्धि प्रवर्तन निदेशालय की राजभाषा हिंदी के प्रभावी कार्यान्वयन के प्रति प्रतिबद्धता को राष्ट्रीय स्तर पर मिली महत्वपूर्ण मान्यता है।

- प्रवर्तन संदेश, अंक-9 (हिंदी पत्रिका)
- प्रवर्तन संदेश, अंक-10 (हिंदी पत्रिका)


राजभाषा कीर्ति पुरस्कार
2025-26
(गृह पत्रिकाओं के लिए)
'क' क्षेत्र के लिए
द्वितीय पुरस्कार
प्रवर्तन संदेश


ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित पत्रिका को इस बार कीर्ति सम्मान
अंक 9
प्रवर्तन संदेश
प्रवर्तन निदेशालय, मुख्यालय की हिंदी गृह पत्रिका
वर्ष : 2025-26
आतंक वित्तपोषण के ख़िलाफ ईडी की मुहिम


अंक – 10
मार्च, 2026
प्रवर्तन संदेश
जारी..
लोकहित से देशहित तक :
वन्दे मातरम्
150